रविवासरीय
हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
रविवार, 14 मार्च 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 08 : MIDDLE

नेटुआ करम बड़ा दुखदाई का मंचन

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में नेटुआ करम बड़ा दुखदाई नाटका भावपूर्ण मंचन किया गया।

बिहार के लोकनृत्यों में नेटुआ नृत्य एक खास परंपरा है और सभी नृत्यों में नेटुआ नृत्य की अपनी एक खास पहचान है। शादी पर बड़े लोगों के यहां नृत्य कर मनोरंजन करने वाले नेटुआ जाति समाज में तिरस्कृत माना जाता है। नृत्य में पुरुष स्त्री का रूप धारण करके, गांव के सरपंच, साहूकार और रसूखदार जैसे बड़े बड़े लोगों की शादी ब्याह से लेकर चुनाव प्रचार तक में मनोरंजन करवाते हैं। मंच पर राम प्रिय गंगवार, शिल्पा, उत्कर्ष, अभिषेक नरायन, आशुतोष ने विभिन्न भूमिकाएं अदा की।